Title: Need for proper maintenance of National Highway No. 7 between Tilwara and Jabalpur-Seoni region in Madhya Pradesh.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी) : सभापति महोदया, मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राज मार्ग क्रमांक 7 जबलपुर-सिवनी मार्ग पर तिलवारा पुल से राष्ट्रीय राजमार्ग सं.7 के कलोमीटर 510 तक सड़क बहुत खराब है। संपूर्ण सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है जिसके नवीनीकरण की कोई कार्य योजना प्रस्तावित नहीं है। राजमार्ग का यह हिस्सा मध्यप्रदेश के जबलपुर संभाग के अन्तर्गत है जहां कार्य अधिक है। जबलपुर संभाग की लापरवाही एवं उदासीनता के कारण यह महत्वपूर्ण मार्ग उपेक्षित है ।

मेरा भारत सरकार से आग्रह है कि राज मार्ग क्रमांक 7 के इस हिस्से को तिलवारा पुल से किलोमीटर 510 तक के मार्ग को शीघ्र निर्माण कराने की पहल करे तथा सड़क के इस भाग को मध्यप्रदेश के ही सिवनी संभाग को स्टाफ सहित स्थानांतरित करने का भी आग्रह है जिसके पास अपेक्षाकृत कम कार्य है जिससे इस मार्ग का रख-रखाव ठीक ढंग से हो सके तथा जनता को वर्षों की परेशानी से निजात मिल सके।